Regarding pending cases of financial assistance to families of farmers who committed suicide in Maharashtra-Laid

श्री बलवंत बसवंत वानखडे **(**अमरावती**) :** महाराष्ट्र में खेती में हो रहे नुकसान को किसान सहन नहीं कर पा रहे हैं और आर्थिक तंगी से जूझते हुए मौत को गले लगा रहे हैं । सरकार की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ अमरावती मंडल में वर्ष 2024 साल में कुल 1051 किसानों ने आत्महत्या कर ली है । अमरावती मंडल के पांच जिले अमरावती, अकोला, बुलढाणा, वाशिम और यवतमाल जिलों में 557 किसानों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है । रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने 194 मामलों में मृतकों के परिवारों को सहायता प्रदान की है, जबकि 402 मामले जांच के लिए प्रलबित हैं । यह प्रलबित होने का क्या कारण है ? यह प्रलबित मृतकों के परिवारों को सरकार कब तक सहायता प्रदान करेंगी?